आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com



जालंधर, मंगलवार 04 फरवरी 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात





@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com


# Google की वॉर्निंग

## AI के जरिए 250 करोड़ यूजर्स का Gmail अकाउंट हो सकता है हैक

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** Google ने कंफर्म किया है कि 2.5 बिलियन यानी 250 करोड़ यूजर्स का Gmail अकाउंट AI के जरिए हैक हो सकता है। साइबर अपराधियों ने यूजर्स को गूगल सपोर्ट के नाम पर कॉल करके इस बड़े फ्रॉड को अंजाम दे रहे हैं। गूगल ने यूजर्स को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि इस तरह के किसी फर्जी कॉल पर विश्वास न करें और अपने जीमेल अकाउंट के पासवर्ड को तुरंत रिसेट कर लें। Forbes की रिपोर्ट के मुताबिक, गूगल ने करोड़ों जीमेल यूजर्स को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि साइबर अपराधी गूगल सपोर्ट के नाम पर कॉल कर रहे हैं। उनके द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला कॉलर आईडी देखने में एकदम जेनुइन लगता है, जिसकी वजह से यूजर्स उनकी जाल में फंस जाते हैं। हैकर्स जीमेल यूजर्स को गूगल सपोर्ट एजेंट के नाम पर कॉल करते हैं और कहते हैं कि उनका अकाउंट हैक हो गया है और उनके ई-मेल पर आए रिकवरी कोड का इस्तेमाल करके अकाउंट को रिकवर कर लें। यही नहीं, हैकर्स द्वारा भेजा गया ई-मेल और रिकवरी कोड भी जेनुइन सा लगता है।




**तुरंत करें यह काम :** अगर, आपके पास भी इस तरह का कोई ई-मेल या कॉल आता है तो उसे इग्नोर करें।

गलती से अगर आपने हैकर्स द्वारा भेजे गए रिकवरी कोड का इस्तेमाल करके अकाउंट रिकवर करने की कोशिश की है तो आपको तुरंत अपने जीमेल अकाउंट को रिसेट कर लेना चाहिए।

यही नहीं, हमेशा जीमेल अकाउंट को टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन के जरिए प्रोटेक्ट करें ताकि आपके अकाउंट के लिए एक और सिक्योरिटी लेयर बढ़ जाए।साइबर अपराधी यूजर्स के ई-मेल अकाउंट का एक्सेस प्राप्त करने के लिए लगातार इस तरह के ट्रिक अपना रहे हैं। हैकर्स का यह ट्रिक इसलिए भी कारगर होता है क्योंकि इसमें उन्हें किसी सिक्योरिटी कंट्रोल को बाईपास करने की जरूरत नहीं होती है।

### Gmail का पासवर्ड कैसे करें रिसेट

- जीमेल का पासवर्ड रिसेट करने के लिए अपने एंड्रॉइड डिवाइस की सेटिंग्स में जाएं।
- इसके बाद, Google में जाकर अपना नाम, फिर अपना गूगल अकाउंट मैनेज करें वाले ऑप्शन पर टैप करें।
- सबसे ऊपर, सिक्योरिटी पर टैप करें।
- फिर अपने Google खाते में साइन-इन करने का तरीका पर जाएं और पासवर्ड पर टैप करें।
- यहां आपको साइन इन करना पड़ सकता है।
- फिर आप अपना नया पासवर्ड डालें इसके बाद, पासवर्ड बदलें पर टैप करें।
- अगर आपको अपने जीमेल अकाउंट का पासवर्ड नहीं पता है तो आपक फॉरगेट माई पासवर्ड वाले ऑप्शन पर टैप करें। इसके बाद स्क्रीन पर दिए गए निर्देशों का पालन करें और सिक्योरिटी सवालों का उत्तर दें। इसके बाद आप अपने जीमेल अकाउंट का पासवर्ड चेंज कर सकेंगे।

## दिल्ली में प्रचार खत्म, 5 फरवरी को वोटिंग, एग्जिट पोल पर EC ने जारी की ये गाइडलाइंस



**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार (3 फरवरी) को शाम छह बजे चुनाव प्रचार खत्म हो गया. 5 फरवरी को वोटिंग होगी और नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे. चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राजनीतक दलों ने दिग्गजों ने जनता से संपर्क साधा. 5 फरवरी को दिल्ली के 1.56 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे.

### एग्जिट पोल पर कब तक रोक?

इससे पहले निर्वाचन आयोग ने 5 फरवरी सुबह सात बजे से शाम 6:30 बजे तक एग्जिट पोल पर प्रतिबंध लगा दिया है. इस संबंध में दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने एक आदेश भी जारी किया है. चुनाव आयोग ने अपने आदेश में कहा, जनसाधारण विशेष रूप से न्यूज ब्यूरो, मीडिया हाउसेज, रेडियो और टेलीविजन चैनलों इत्यादि का ध्यान भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना संख्या 576/एक्जिट /2025/ एसडीआर/खण्ड-1 दिनांक 22 जनवरी, 2025 की ओर आकर्षित किया जाता है कि प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या किसी भी अन्य तरीके, जो कोई हो, में एग्जिट पोल, ओपिनियन पोल या किसी अन्य चुनाव सर्वेक्षण के परिणामों पर प्रतिबंध रहेगा.

### मतदान के लिए 13 हजार 766 पोलिंग स्टेशन

दिल्ली मुख्य निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक, दिल्ली में वोटिंग के लिए 13 हजार 766 पोलिंग बूथ तैयार किए गए हैं. 83.76 लाख पुरुष, 72.36 महिला और 1267 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं. 733 पोलिंग बूथ दिव्यांग लोगों के लिए निर्धारित किए गए हैं.

### 6980 लोगों ने घर से किया मतदान

वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए घर से मतदान की सुविधा के तहत 7553 पात्र मतदाताओं में से 6980 लोग पहले ही अपने वोट डाल चुके हैं. घर से मतदान की सुविधा 24 जनवरी से शुरू गई थी जो 4 फरवरी तक जारी रहेगी.

### आचार संहिता उल्लंघन के 1000 से ज्यादा मामले दर्ज

7 जनवरी को आचार संहिता लागू होने के बाद इसके कथित उल्लंघन के 1000 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए गए. 33 हजार 434 लोगों को गिरफ्तार किया गया.

## जालंधर में सीनियर डिप्टी मेयर समेत AAP के पांच पार्षदों के चुनाव को चुनौती, कोर्ट में याचिका दायर

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर में सीनियर डिप्टी मेयर समेत आम आदमी पार्टी के 5 पार्षदों के खिलाफ कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में इन पांचों के चुनाव को चुनौती दी गई है। चुनौती कांग्रेस की तरफ से दायर की गई है। कांग्रेस के लीगल सेल ने इन वार्डों पर हुए चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए एसडीएम की अदालत में याचिका दायर की है। जानकारी के मुताबिक जालंधर में कांग्रेस के लीगल सेल के साथ वार्ड-80 के कांग्रेसी नेता रवि सैनी ने एसडीएम की कोर्ट में याचिका दायर की है। रवि सैनी द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि वार्ड-80 से AAP के प्रत्याशी अब पार्षद अश्वनी अग्रवाल का नामांकन पत्र सही से नहीं भरा हुआ था, इसके बावजूद भी ईआरओ ने नामांकन पत्र रद्द नहीं किया।




### 400 वोटों की हेराफेरी

इसके अलावा रवि सैनी ने दायर याचिका में आरोप लगाया है कि जिला प्रशासन के साथ मिलकर AAP प्रत्याशी अब पार्षद अश्वनी अग्रवाल ने 400 वोटों की हेराफेरी की। इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन इस पर तत्कालीन ईआरओ कम एसडीएम ने कोई कार्रवाई नहीं की। वार्ड नंबर-10 से कांग्रेस के प्रत्याशी मंगा सिंह मुद्दड़ ने AAP के प्रत्याशी रहे और अब सीनियर डिप्टी मेयर बलबीर सिंह बिट्टू के खिलाफ याचिका दायर की है। इसके साथ ही बलबीर सिंह बिट्टू की पत्नी और वार्ड-11 से AAP प्रत्याशी अब पार्षद करमजीत कौर के खिलाफ वार्ड के वोटर अनिल कुमार ने याचिका दायर की है।


HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247



# कलयुगी मां ने पार की क्रूरता की सारी हदें!

## सफाई नहीं करने पर बच्चे को प्रेस से दागी और बेल्ट से पीटा

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** एक घर से बच्चे के ऐसे चीखने की आवाजें मानो उसे यातनाएं दी जा रही हों। यह सिलसिला लगातार ऐसे ही जारी रहता है। जिसके बाद पड़ोसियों ने सामाजिक संगठन से संपर्क साधा। सामाजिक संगठन ने गुपचुप ढंग से सच्चाई जानी, तब जाकर पता चला कि घर में दस वर्षीय बच्चे को गर्म प्रेस से दागा जाता है और बेल्ट से पीटा जाता है। यह भी पता चला बच्चे को क्रूरतम यातनाएं आर्केस्ट्रा में काम करने वाली एक महिला देती है। कारण, बच्चा घर की सफाई नहीं कर पाता है इसलिए।

### क्या है पूरा मामला?

पटियाला के ऋषि कॉलोनी में पिछले कुछ दिनों से लगातार बच्चे के रोने-चिल्लाने की आवाजें सुनकर पड़ोसियों से न रहा गया, तो उन्होंने समाज सेवा करने वाली 'अपना फर्ज सेवा' सोसायटी को इसकी सूचना दी। सोसाइटी को कुछ दिन पूर्व एक वीडियो भी मिल चुकी थी, जिसमें बच्चे को यातनाएं दी जा रही थीं।

कॉलोनी निवासियों की शिकायत के बाद सोसाइटी के मुख्य सेवादार सतपाल सिंह उर्फ पाल खरौड़ ने कॉलोनी पहुंचकर घर के आसपास रहने वाले लोगों से बात की तथा अंततः बच्चे तक पहुंच बनाई। बच्चे से बात करके तथा उसके शरीर पर यातनाओं के चिन्ह देखकर उन्हें स्पष्ट हो गया कि वह पीड़ा से क्यों चिल्लाता था।



### पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ दर्ज किया केस


बच्चे को राजिंदरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने सतपाल के बयान पर मनी शर्मा निवासी ऋषि कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। उसपर भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 127(3) व 351 में केस दर्ज किया गया है।

थाना अर्बन एस्टेट के प्रभारी अमनदीप सिंह बराड़ ने कहा कि केस की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा जांच के बाद जो अपडेट होगा, उसके अनुसार धारा बढ़ा भी सकते हैं।

### एक साल पहले बच्चे को लिया था गोद

छानबीन में पता चला कि बच्चा फरीदकोट इलाके में मनी शर्मा के घर के पास रहता था। आर्केस्ट्रा, बुटीक व ब्यूटी पार्लर का काम करने वाली तीस वर्षीय महिला मनी शर्मा ने एक एफिडेविट पर बच्चे को एक वर्ष पहले गोद लिया था।

मनी शर्मा तलाकशुदा है और पति से विवाद के कारण अपनी मां व मानसिक रूप से बीमार पिता के साथ पटियाला में किराए के मकान में रहने लगी है। ऋषि कॉलोनी से पहले वह गोबिंद बाग इलाके में रहती थी, जहां से इस बच्चे को प्रताड़ित किए जाने की सूचना संस्था तक पहुंचने लगी थी। मनी शर्मा मूल रूप से महावीर पार्क जैतो जिला फरीदकोट की है। बच्चे को टार्चर किए जाने के सुबूत मिलने पर एक फरवरी को सतपाल ने उसे घायल अवस्था में उठाया और पुलिस में मामला दर्ज करवाया।



## PPR Market में दिनदहाड़े बाइक चोरी करके 3 युवक फरार, घटना CCTV में कैद

**जालंधर (अंशु कपूर) :** जालंधर के पीपीआर मार्किट में युवक सरेआम बाइक चुराकर फरार हो गए। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है।

जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे एक युवक बाइक पर स्टार्ट करता है और अपने साथियों के साथ बैठकर फरार हो जाते हैं। घटना दोपहर ढाई बजे की बताई जा रही है।

### बाइक को स्टार्ट को तीनों आरोपी फरार

सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि एक युवक बाइक पर काफी देर से बैठा हुआ होता है। इस दौरान उसके 2 साथी आस-पास लोगों पर नज़र रखे हुए होते हैं। वहीं बाइक पर बैठा युवक दूसरी चाबी से लॉक खोलने में जुटा रहता है। थोड़ी देर के बाद जब युवक बाइक का लॉक खोलने में कामयाब हो जाता है तो बाइक स्टार्ट करके निकल जाता है।

### घटना के बाद लोगों में डर

बाइक स्टार्ट करने के बाद युवक अपने दोनों साथियों को बुलाता है। जिसके बाद उसके दोनों साथी आते हैं और बाइक पर बैठकर फरार हो जाते हैं। इस घटना के सामने आने के बाद लोगों में डर बैठ गया है।

क्योंकि लोगों का कहना है कि वह यहां पर रेस्टोरेंट में खाने-पीने के लिए आते हैं। इस घटना से अब हमें अपनी बाइक और गाड़ियों को लेकर चिंता हो रही है।

## पानी में घातक धातु फसलों पर डाल रहे प्रभावः पंजाब के 16 जिलों में फसलों के लिए जाएंगे सैंपल

**जालंधर (पवन कश्यप) :** पंजाब के पानी में मौजूद घातक धातु लोगों की सेहत के साथ ही फसलों पर भी प्रभाव डाल रहे हैं, जिसके चलते राज्य सरकार 16 जिलों में फसलों के सैंपल लेने जा रही है।

कृषि खाद्य उत्पादों में यूरेनियम समेत अन्य भारी धातुओं का पता लगाने के लिए इन सैंपलों की जांच की जाएगी और इसके आधार पर ही फाइनल रिपोर्ट तैयारी होगी।

रिपोर्ट के नतीजे सामने आने के बाद ही सरकार दूषित पानी के खतरे को कम करने के लिए उचित कदम उठाएगी। प्रदेश के 34 लोकेशनों पर जल स्रोत को सील कर दिया गया है, क्योंकि जांच में इनका पानी दूषित पाया गया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में प्रदेश सरकार की तरफ से इस संबंध में जानकारी दी गई है।

**पंजाब बायोटेक्नोलॉजी इनक्यूबेटर मोहाली करेगी स्टडी :** जानकारी के अनुसार पंजाब में उगाई जाने वाली फसलों में भारी धातुओं की जांच के लिए यह स्टडी की जा रही है, जिसका काम पंजाब बायोटेक्नोलॉजी इनक्यूबेटर (पीबीटीआई) मोहाली को सौंपा गया है। इसके तहत 16 जिलों में कृषि खाद्य उत्पाद दालें, अनाज, फल, सब्जियां और दूध के 1700 सैंपल लिए जाएंगे, जिसमें यूरेनियम समेत 10 भारी धातुओं की जांच की जाएगी।

इसी तरह उन स्थानों से मिट्टी के 600 सैंपलों की जांच भी की जाएगी, जहां से कृषि खाद्य उत्पादों के सैंपल लिए जाने हैं। इसी तरह इन फसलों की सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने वाले नहरी व ट्यूबवेलों के पानी के सैंपल भी लिए जाएंगे। स्टडी का उद्देश्य कृषि खाद्य उत्पादों, मिट्टी और सिंचाई जल के विश्लेषण के माध्यम से फूड चेन में मौजूद भारी धातुओं का आकलन करना है। जिन जिलों की 34 लोकेशनों से ये सैंपल लिए जाने हैं उनमें अमृतसर, तरनतारन, पटियाला, संगरूर, रोपड़, फतेहगढ़ साहिब, फाजिल्का, लुधियाना, फरीदकोट, जालंधर, कपूरथला, मोगा, बरनाला, नवांशहर, मोहाली और बठिंडा शामिल हैं। यह स्टडी एजेंसी डेढ़ साल के अंदर पूरी करेगी।

**दूषित जल की लोकेशनों को सील करने के बाद की यह कार्रवाई :** हाल ही में सरकार की तरफ से 337 लोकेशनों से दूषित पानी का पता लगाने के लिए सैंपल लिए गए थे, जिसें 34 लोकेशनों का पानी दूषित पाया गया था। इन लोकेशनों के जल स्रोतों को सील कर दिया गया है, जिसमें ट्यूबवेल समेत अन्य जल स्रोत शामिल हैं। इनमें 18 लोकेशन जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग और 16 लोकेशन स्थानीय निकाय विभाग के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। इन सभी जगहों पर दोनों विभागों की तरफ से पीने योग्य पानी की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। फतेहगढ़ साहिब की चुन्नी कलां और भुगराना को सरफेस वाटर प्रोजेक्ट के साथ कवर किया गया है।

**पानी के लिए की जा रही वैकल्पिक व्यवस्था :** स्थानीय विभाग के अंदर आती अन्य निकटतम म्युनिसिपल जल स्रोतों के माध्यम से 16 सील स्थानों पर पीने योग्य पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पास के म्युनिसिपल स्रोत से पानी के सैंपल एकत्र किए गए और भारी धातुओं की पहचान के लिए 24 मापदंडों के लिए उनका विश्लेषण किया गया। इन 16 में से 10 लोकेशनों पर नतीजे स्वीकार्य सीमा के भीतर पाए गए। बाकी छह लोकेशन पर भिखीविंड, जगरांव, निहाल सिंह वाला, राहों, कोठा गुरु और भदौड़ में वैकल्पिक निकटवर्ती स्रोतों से पानी उपलब्ध कराने के लिए काम किया जा रहा है। राज्य के कई जिलों के पानी में यूरेनियम व फ्लोराइड की मात्रा अधिक है।



# बठिंडा में जमीन विवाद के चलते फायरिंग, 4 लोग घायल; तीन के पैर में लगी गोली

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** जिले में रविवार दोपहर को जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी, जिसमें दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए।

घायल व्यक्तियों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बताया गया है कि दोनों पक्षों के बीच पिछले कुछ समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

## जमीन कब्जा करने को लेकर हुआ विवाद

रविवार को एक पक्ष ने उक्त जमीन पर कब्जा लेने की कोशिश की थी, जिससे दूसरा पक्ष नाराज हो गया और आरोप लगाया कि पुलिस उनके विरोधी पक्ष के साथ मिलकर उनकी जमीन पर कब्जा करवा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी देहाती हीना गुप्ता और थाना सदर बठिंडा की पुलिस सिविल अस्पताल पहुंची और घायल पक्षों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रविवार दोपहर करीब तीन बजे अमरीक सिंह, गुरजीत सिंह और वरिंदर सिंह अपने खेतों पर बैठे थे। इस दौरान दूसरे पक्ष के गुरमीत सिंह और उनके आधा दर्जन साथियों ने हथियारों के बल पर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। जब अमरीक सिंह, गुरजीत सिंह और वरिंदर सिंह ने उनका विरोध किया, तो इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन पर फायरिंग कर दी।



## पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

मौके पर पहुंची डीएसपी देहाती हीना गुप्ता ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हुआ है। इससे पहले भी दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो चुका था, और पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया था। दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और मामले की गहन जांच की जाएगी। पुलिस प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## पुलिस प्रशासन पर भी लगाया आरोप

इस हमले में गुरजीत सिंह, अमरीक सिंह और वरिंदर सिंह तीनों घायल हो गए। इन तीनों के पैर में गोली लगी हैं। उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में इलाज करवा रहे अमरीक सिंह ने बताया कि पुलिस उनके जमीन पर जबरन कब्जा करवा रही है, जबकि मामला कोर्ट में विचाराधीन है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है, जिस कारण यह गोलीबारी की घटना हुई। अमरीक सिंह ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की। दूसरी ओर, गुरमीत सिंह ने आरोप लगाया कि अमरीक सिंह और उनके साथियों ने उन पर जानलेवा हमला किया और उन्हें घायल किया। वह भी सिविल अस्पताल में इलाज करा रहे थे। फिलहाल दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

# पुलिस अधिकारी को युवक का लगा हाथ, जड़ दिए थप्पड़; मंदिर कमेटी के लोगों ने दिया धरना



**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** बीआरएस नगर के शीतला माता मंदिर में पिछले दिनों हुई चोरी के आरोपी को गिरफ्तार न करने के मामले को लेकर मंदिर कमेटी व अन्य धार्मिक संस्थाओं ने सर्किट हाउस के नजदीक धरना दिया। धरने के दौरान धार्मिक संगठन के एक सदस्य युवक ने आरोपी को गिरफ्तार न करने पर पुलिस से बहसबाजी करने लग गया। जब पुलिस ने उसे शांत होकर बातचीत करने की बात कही तो इस दौरान उसका हाथ पुलिस अधिकारी से टच कर गया। इस पर पुलिसकर्मियों ने युवक को थप्पड़ जड़ दिए।


## पुलिस अधिकारियों के माफी मांगने पर अड़े लोग

सर्किट हाउस ले जाकर पुलिस की गाड़ी में बैठा लिया। युवक का आरोप है कि पुलिस ने उसे थप्पड़ जड़ दिए। इस पर वहां बैठे मंदिर कमेटी के सदस्यों ने हंगामा कर दिया और फिरोजपुर रोड जाम कर दी। पुलिस अधिकारियों के माफी मांगने की मांग करने लगे।

मौके पर एडीसीपी गुरुदेव सिंह ने उचित कार्रवाई करने का भरोसा दे सड़क खुलवाई। फिलहाल पुलिस और मंदिर कमेटी की बैठक चल रही है। जिस पर युवक पर कार्रवाई को लेकर अगली कार्रवाई होगी। मंदिर कमेटी सदस्यों का कहना था कि युवक बातचीत कर रहा था कि उसका हाथ पुलिस अधिकारी को छू गया। वह हाथापाई नहीं कर रहा था जबकि पुलिस का कहना था कि युवक ने हाथ खींचा था।

# सिद्धू मूसेवाले के करीबी के घर पर फायरिंग, विदेशी नंबर से कॉल कर मांगी 30 लाख की फिरौती

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** सिद्धू मूसेवाले के करीबी प्रगट सिंह के घर पर बीती रात 2 बाइक सवार हमलावरों ने फायरिंग की है। फायरिंग करने के बाद हमलावरों ने फोन कर धमकी दी और 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसमें हमलावर दिखाई दे रहे हैं।



## मैसेज पर लिखा- जल्द मारेंगे

हमलावरों ने फायरिंग करने के बाद इंग्लैंड के नंबर से फोन कर 30 लाख रुपए की फिरौती मांगी है। इसके बाद आरोपियों ने कहा कि फिर मत कहना कि बताया नहीं। जल्द ही मारेंगे, लोहा तुम्हारे साथ नहीं जाएगा, बच के रहना। जल्दी से एक गनमैन ले आओ। लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप। अगर तुम खुद को बचा सको तो बुलेटप्रूफ फॉरच्यूनर 0093 ले लो।

## गेट पर लगी गोलियां

हमलावरों की तरफ से चलाई गई गोलियां घर के गेट पर लगी हैं। हमलावर सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गए हैं, पर अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और उन्हें गेट से गोली का निशान मिला है।



# जालंधर में नशे के कारण 20 साल के लड़के की मौत, पूर्व सांसद व विधायक ने लगाया धरना



जालंधर में बस्तियात में एक नौजवान ने नशे के कारण अपनी जान गंवा दी। मृतक की पहचान 20 साल के पारस भगत के रूप में हुई है। मौत के बाद पूर्व सांसद व भाजपा नेता सुशील कुमार रिंकू ने पूर्व विधायक शीतल अंगुराल के साथ नहर के पास धरना लगाया। जिस कारण जाम लग गया है।

लोगों का कहना है कि नशे को लेकर पुलिस कोई सख्त कदम नहीं उठा रही है। आए दिन कोई न कोई युवा नशे के कारण अपनी जान गंवा रहा है। गलियों में नशा बिकना आम हो चुका है। पुलिस को नशा बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि हम यूथ को बचा सकें।

लोगों ने कहा कि पहले काजी मंडी नशे को लेकर चर्चा में रहता था, लेकिन अब भार्गव कैंप नशे का गढ़ बन गया है। लोगों का आरोप है कि पिछले 6 दिनों में 6 लोगों की मौत हो चुकी है। इसी के चलते देर रात 20 साल के युवक की नशे के चलते मौत हो गई।

# स्वामी अनंता गिरिः पति की मौत के बाद बेटे को सौंपा कारोबार

# खुद बन गईं संन्यासी; महाकुंभ में सिखा रही हैं योग

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जालंधर शहर की सिल्वर हाइट्स कालोनी की रहने वाली सफल बिजनेस वूमन रहीं 50 वर्षीय अनंता गिरि ने कारोबार बेटे को सौंप आध्यात्मिकता का मार्ग अपना लिया है। वे इस समय प्रयागराज में महाकुंभ में मौजूद हैं और वहां बच्चों को स्वर योग साधना की शिक्षा दे रही हैं। स्वामी अनंता गिरि की शादी वर्ष 1996 में हुई थी। उनके पति का फोकल प्वाइंट में परफ्यूम का कारोबार है, लेकिन 2012 में उनके निधन के बाद अनंता की जिंदगी पूरी तरह बदल गई।



### बेटे को बिजनेस सौंप पकड़ ली साधना की राह

उस समय उनका बेटा संचित चोपड़ा छोटा था, तो उन्होंने पति का बिजनेस संभाला और सफल बिजनेस वूमन बनीं। बेटा संचित 20 वर्ष का हुआ, तो उन्होंने पूरा बिजनेस उसे सौंप दिया और आध्यात्मिक साधना की राह पकड़ ली। पति के निधन के बाद अनंता गिरि की मुलाकात गुरु स्वामी सत्यास्वरूपानंद से हुई। गुरु ने उन्हें आत्मबल बढ़ाने और आध्यात्मिक ज्ञान की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। इसके बाद वे पूरी तरह ध्यान और साधना में लग गईं।

### साल 2019 में ली थीं स्वर विज्ञान की दीक्षा

वर्ष 2019 में उनकी भेंट गुरु श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी चरणाश्रित गिरि जी महाराज से हुई। उनसे स्वर विज्ञान की दीक्षा ली और श्री विद्या साधना प्रारंभ की। अनंता गिरि बताती हैं कि स्वर विज्ञान की विद्या भगवान शिव और माता पार्वती के संवादों से प्रेरित है। इस विद्या के माध्यम से वे युवाओं को आत्मजागृति, मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक उन्नति की कला सिखा रही हैं। वे गायत्री मंत्र, अग्निहोत्र और सांसों की साधना के माध्यम से युवाओं को सनातन धर्म से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं।

### सनातन धर्म के प्रचार को समर्पित हैं अनंता गिरि

अनंता गिरि का उद्देश्य उत्तर भारत में सनातन धर्म का प्रचार करना है। वे घर-घर जाकर हवन-यज्ञ करने और ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से आध्यात्मिक ज्ञान बांटने की योजना पर कार्य कर रही हैं। महाकुंभ में वे सीएम योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से बच्चों को स्वर योग साधना सिखा रही हैं। अनंता गिरि का मानना है कि यदि युवाओं को सनातन धर्म का सही ज्ञान मिलेगा, तो वे समाज में सकारात्मक योगदान दे सकेंगे।

उन्होंने 600 से अधिक युवाओं को नशे से दूर कर आध्यात्मिक जीवन की ओर मोड़ा है। वे स्कूलों और कालेजों में जाकर विद्यार्थियों को मेडिटेशन सिखाने और आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही हैं। अब वे स्वर विज्ञान, श्री विद्या साधना और ध्यान के माध्यम से हजारों लोगों तक इस ज्ञान को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अनंता गिरि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में जुटी हुई हैं। वे युवाओं को आध्यात्मिक ज्ञान की ओर बढ़ने के लिए लगातार प्रेरित कर रहीं है।



## मशहूर Punjabi Singer हुए चाइना डोर का शिकार

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब में प्रशासन की लगातार सख्ती के बावजूद लोग चाइना डोर का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण कई लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब तक इसके कारण कई लोगों की जान भी जा चुकी है। वहीं एक और नया मामला पंजाब के खन्ना शहर से सामने आया है, जहां मशहूर पंजाबी गायक बिट्टू खन्ना वाला भी चाइना डोर की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो गया। चाइना डोर से घायल होने के बाद वह इलाज के लिए खन्ना सिविल अस्पताल पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कहा कि प्रशासन ने चाइना डोर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। लेकिन इसके बावजूद भी इसका प्रयोग अभी भी लोगों की तरफ़ से बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। सरकार को इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और इस पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना चाहिए।


## कुलगाम में आतंकियों का बड़ा हमला, घर में घुसकर रिटायर्ड लांस नायक की हत्या, फायरिंग में पत्नी और बेटी घायल

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों ने एक बार फिर कायरतापूर्ण हरकत करते हुए एक रिटायर्ड लांस नायक के परिवार पर हमला किया है। इस हमले में रिटायर्ड लांस नायक मंजूर अहमद शहीद हो गए, जबकि उनकी पत्नी और बेटी घायल हो गई हैं।

यह घटना दक्षिणी कश्मीर के कुलगाम जिले के बेहीबाग इलाके में हुई। सोमवार दोपहर करीब 2:45 बजे आतंकवादियों ने अहमद के घर पर अचानक हमला कर दिया और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में अहमद, उनकी पत्नी आइना और बेटी साइना घायल हो गए। तीनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां अहमद को मृत घोषित कर दिया गया। उनकी पत्नी और बेटी का इलाज जारी है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, आतंकवादियों की पहचान करने के लिए आसपास के इलाकों में सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

यह घटना कश्मीर में बढ़ती हिंसा का एक और उदाहरण है। हाल ही में, पुंछ जिले में भी आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी, जिसे सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया था।



# जालंधर पुलिस के हत्थे चढ़े Punjab Roadways के 3 मुलाजिम, बस से करते थे नशा तस्करी

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** जालंधर पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने 55 ग्राम हेरोईन बरामद की है। आरोपियों की पहचान अजीत सिंह, कीरत सिंह और दीपक शर्मा के रूप में हुई है और तीनों ही पंजाब रोडवेज के मुलाजिम हैं।

ज्वाइंट कमिश्नर संदीप शर्मा ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर बस स्टैंड में चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान पासपोर्ट दफ्तर की ओर से एक व्यक्ति हाथ में लिफाफा लेकर पैदल आ रहा था। उक्त व्यक्ति नाके पर पुलिस को देखकर वह घबरा गया और उसने अपने हाथ से लिफाफा सड़क किनारे फेंक दिया, जिसके बाद वह तेजी से वापस मुड़ गया।

इस दौरान उनकी टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी को रोक कर घटना स्थल से लिफाफे की चैकिंग की गई तो लिफाफे से 5 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। आरोपी की पहचान अजीत सिंह फिरोजपुर के रूप में हुई है। आरोपी से पूछताछ के दौरान 2 अन्य आरोपी कीरत सिंह और दीपक शर्मा को गिरफ्तार किया है। जिनसे 50 ग्राम हेरोईन बरामद हुई है। आरोपी अजीत सिंह मोहल्ला अमरगढ़ बशीरपुरा रामा मंडी जालंधर में रह रहा है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी अजीत ने बताया कि वह पंजाब रोडवेज में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात है और उसने दीपक शर्मा और कीरत सिंह अमृतसर के व्यक्तियों से हेरोइन खरीदी है।



आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# 'श्रद्धालुओं की लाशों को नदी में फेंका गया'

## जया बच्चन का यूपी सरकार पर बड़ा हमला



जालंधर ( हर्ष शर्मा ) : महाकुंभ हादसे को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) की राज्यसभा सांसद जया बच्चन ने उत्तर प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि हादसे के बाद मृतकों के शवों को गंगा में फेंक दिया गया, जिससे पानी प्रदूषित हो गया। इस बयान ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है और विपक्षी दल सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

### जया बच्चन का बयान

जया बच्चन ने सोमवार को संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ के बाद कई श्रद्धालुओं के शवों को सीधे नदी में फेंक दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इससे गंगा का पानी प्रदूषित हुआ और लोगों तक गंदा पानी पहुंचने लगा। जया ने आरोप लगाया कि सरकार इस गंभीर मामले से ध्यान हटा रही है और मरे हुए लोगों के शवों का पोस्टमॉर्टम तक नहीं किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार जलशक्ति पर भाषण दे रही है, लेकिन वास्तविक स्थिति को नजरअंदाज कर रही है।

### पानी का प्रदूषण और उसकी गंभीरता

जया बच्चन ने कहा, गंगा नदी का पानी अब प्रदूषित हो चुका है। जो लोग पवित्र स्नान करने के लिए वहां आते हैं, उनके लिए यह खतरनाक साबित हो सकता है।

उन्होंने सरकार से इस मामले पर ध्यान देने की अपील की और कहा कि इस घटना पर कोई सख्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हादसे के बाद मृतकों का सम्मान नहीं किया गया और उन्हें बिना किसी इज्जत के नदी में फेंक दिया गया।

### अखिलेश यादव का भी हमला

जया बच्चन के बयान के बाद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महाकुंभ के दौरान होने वाली घटनाओं को छिपा रही है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि सरकार ने जो 30 मृतकों का आंकड़ा दिया है, वह गलत है।

उनके अनुसार, कई लोग अभी भी अपने लापता प्रियजनों की तलाश कर रहे हैं और सरकार मृतकों की सही संख्या नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा, जो सच को छिपाता है, वह कभी सच्चा योगी नहीं हो सकता।

### सरकार का बचाव

वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार ने इन आरोपों का खंडन किया है और कहा कि महाकुंभ के आयोजन में सभी सुरक्षा उपाय किए गए थे।

सरकार ने यह भी कहा कि मृतकों की सही संख्या की जानकारी जुटाई जा रही है और हर मृतक का सम्मान किया जाएगा।

# 'मेरी अमेरिकी यात्रा को लेकर झूठ बोल रहे राहुल गांधी', कांग्रेस नेता के इस बयान पर भड़के जयशंकर





जालंधर( पंकज शर्मा ) : संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह का जिक्र करते हुए ऐसा बयान दिया, जिस पर सियासी पारा गर्मा गया है। दरअसल, राहुल गांधी ने लोकसभा में दावा करते हुए कहा कि विदेश मंत्री अपने विदेश दौरों में वहां की सरकारों से पीएम मोदी को 'बुलाने का आग्रह' करते हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के इस बयान पर अब खुद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने जवाब दिया है।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दावे को खारिज करते हुए कहा कि वे मेरी अमेरिकी यात्रा को लेकर झूठ बोल रहे हैं। साथ ही इससे विदेश में भारत को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के न्योते को लेकर लगाए गए आरोपों पर पलटवार करते हुए लिखा, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिसंबर 2024 में मेरी अमेरिका यात्रा के बारे में जानबूझकर झूठ बोला। मैं बिडेन प्रशासन के विदेश मंत्री और एनएसए से मिलने गया था। इसके अलावा हमारे महावाणिज्य दूतों की एक बैठक की अध्यक्षता भी की। मेरे प्रवास के दौरान, आने वाले एनएसए-पदनाम ने मुझसे मुलाकात की। किसी भी स्तर पर प्रधानमंत्री को आमंत्रित करने के संबंध में चर्चा नहीं की गई। यह सर्वविदित है कि हमारे प्रधानमंत्री ऐसे कार्यक्रमों में भाग नहीं लेते हैं। वस्तुत: भारत का प्रतिनिधित्व सामान्यत: विशेष दूतों द्वारा किया जाता है। राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है। लेकिन, वे विदेश में देश को नुकसान पहुंचाते हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने विदेश नीति पर संसद में कहा कि हम प्रधानमंत्री को बुलाने के न्यौते के लिए अपने विदेश मंत्री को अमेरिका नहीं भेजते। इस पर किरेन रिजिजू ने आपत्ति जताते हुए कहा कि विपक्ष के नेता को इस तरह की बयानबाजी नहीं करनी चाहिए।

यहां गंभीर विषय पर चर्चा चल रही है। राहुल गांधी के पास अगर इसके बारे में कोई ठोस जानकारी है, तो उसे सामने रखें।

# नागा साधुओं के जत्थे में घुसा युवक, पीटने के बाद निकाला बाहर

जालंधर( जसप्रीत सिंह ) : बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आज प्रयागराज में आयोजित अमृत स्नान के दौरान एक विवादपूर्ण घटना सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, एक युवक नागा साधुओं के जत्थे में घुस गया, जिसके बाद साधुओं ने उसे पीटकर बाहर निकाल दिया। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक अचानक साधुओं के बीच पहुंच गया। साधुओं ने इस पर आपत्ति जताई और युवक को जत्थे से बाहर निकालने का प्रयास किया। जब युवक नहीं माना तो साधुओं ने उसे पीटना शुरू कर दिया। पुलिस को अभी तक किसी भी पक्ष से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। एक साधु ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि अमृत स्नान एक पवित्र अनुष्ठान है और इसमें किसी भी प्रकार की अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि साधुओं ने युवक को सिर्फ इसलिए पीटा क्योंकि उसने उनके धार्मिक अनुष्ठान में बाधा डाली थी। स्थानीय प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और आश्वासन दिया है कि वे इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।



# बिस्कुट फैक्ट्री अग्निकांड : 100 करोड़ से ज्यादा का नुकसान, फूट-फूटकर रोए डायरेक्टर, 12 टैंकर, 200 राउंड फिर भी दहक रही आग

जालंधर( अंशु कपूर ) : मध्य प्रदेश के भिंड जिले के मालनपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित बिस्कुट बनाने वाली विक्रम आर्य फूड फैक्ट्री में 13 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी आग दहक रही है। आग बुझाने के लिए करीब 12 टैंकर मंगवाए गए थे, जिसने 200 राउंड पानी भरकर दहकती आग शांत करने की कोशिश की। लेकिन अब भी पूरी सफलता नहीं मिल सकी।

### फूट-फूट कर रोए कर्मचारी

हादसे में करीब 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के नुकसान की जानकारी सामने आई है। अपनी करोड़ों रुपए की मेहनत आग में स्वाहा होता देख फैक्ट्री डायरेक्टर विशाल मांगलिक फूट-फूटकर रोने लगे। वहीं इस आगजनी ने एक कर्मचारी प्रमोद रायकवार की भी जान ले ली। जिसके शव को निकालकर पीएम के लिए अस्पताल भेजवाया गया।

### लापरवाही से हुआ हादसा

फायर सेफ्टी ऑफिसर नरेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि लापरवाही की वजह से इतना बड़ा हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक एरिया में किसी भी फैक्ट्री फायर सेफ्टी नॉर्म का पालन नहीं किया जा रहा था। जिस वजह से इतनी बड़ी आगजनी की घटना सामने आई। अगर फैक्ट्री में फायर सेफ्टी उपकरण होते तो इस आग पर काबू पाया जा सकता था। उन्होंने आगे कहा कि फैक्ट्री की फायर सेफ्टी मॉनिटरिंग समय-समय पर होना चाहिए, जिस वजह से दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**100 करोड़ रुपए का नुकसान, 500 कर्मचारी बेरोजगार** - एक ओर फैक्ट्री मालिक को 100 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं दूसरी ओर 500 से अधिक लोगों को रोजगार मुहैया कराने वाली इकाई आज पूरी तरीके से बर्बाद हो चुकी है। निकट भविष्य में इसके संचालित होने की संभावना भी ना के बराबर है।

**ऐसे हुआ हादसा** - आज सुबह अचानक बिस्कुट फैक्ट्री में आग भड़क गई। आग इतनी विकराल थी कि उसने पूरी फैक्ट्री को ही अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री धू-धू कर जलने लगी। आग लगने की खबर मिलते ही मालनपुर के अलावा 12 दमकल गाड़ियां आग बुझाने में सुबह 6:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक 13 घंटे लगातार डटी रहीं।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247










# आखिरी अमृत स्नान पर 2.33 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

## सरस्वती पूजन भी किया

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** त्रिवेणी संगम में अखाड़ों के साथ ही श्रद्धालुओं का भी पावन स्नान चल रहा है। कुंभ मेला प्रशासन ने सोमवार की शाम तक पांच करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान लगाया है। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।

महाकुंभ में सोमवार को तीसरे अमृत स्नान के मौके पर शाम छह बजे तक 2.33 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इनमें 10 लाख से अधिक कल्पवासी और 2.23 करोड़ तीर्थयात्री शामिल रहे। 2 फरवरी तक 34.97 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में स्नान कर पुण्य के भागीदार बने।

### वसंत पंचमी पर स्वच्छ महाकुंभ का संकल्प हुआ साकार

वसंत पंचमी पर तीसरे अमृत स्नान पर महाकुंभ मेला क्षेत्र में स्वच्छता के विशेष इंतजाम किए गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महाकुंभ मेला क्षेत्र को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का संकल्प लिया गया है, जिसे स्पष्ट रूप से मेला क्षेत्र में देखा जा सकता है।




### एडीजी प्रयागराज बोले- वसंत पंचमी स्नान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षाबलों ने भरपूर प्रयास किया

वसंत पंचमी के अमृत स्नान पर एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर ने कहा, %वसंत पंचमी स्नान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों ने बहुत प्रयास किया है। मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की इतनी अप्रत्याशित संख्या उमड़ी, जो पहले कभी नहीं देखी गई। प्रबंधन भी पहले कभी नहीं देखा गया। जो दुर्घटना हुई, उससे उत्तर प्रदेश पुलिस और प्रशासन को बहुत दुख पहुंचा है। दुर्घटना के कारणों की समीक्षा की गई और समाधान सुझाए गए। हमने उन समाधानों को लागू किया और वसंत पंचमी स्नान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।











